राजस्थान सरकार
सामान्य प्रशासन (ग्रुप–4) विभाग

क्रमांक प. 25 (9) साप्र/4/13 जयपुर दिनांक 6-3-14

प्रबंधक,
समस्त विश्राम भवन
राजस्थान।

विषयः– जॉब बेसिस पर कराये जा रहे कार्यों की दर बढाने बाबत्।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि विभिन्न विश्राम भवनों से जॉब बेसिस पर कराये जा रहे कार्यों यथा हाउसकीपिंग, साफ–सफाई, बागवानी इत्यादि की दर संविदा राशि में श्रम विभाग की न्यूनतम दरों में परिवर्तन के आधार पर वृद्धि किए जाने के प्रस्ताव प्राप्त हो रहे हैं। इसके क्रम में लेख है कि सभी विश्राम भवनों द्वारा उपरोक्त कार्य कराये जाने की दर संविदा स्थानीय स्तर पर निविदा आमंत्रित करके की गई है। ऐसी स्थिति में आपकी क्रय समिति द्वारा तय की गई दरों तथा निविदा शर्तों की जानकारी इस विभाग में उपलब्ध नहीं है।

अतः यदि आपके द्वारा जॉब बेसिस पर कराये जा रहे कार्यों की दर श्रम विभाग की न्यूनतम दरों से कम होने के कारण कोई असुविधा/संशय की स्थिति है तो स्थानीय स्तर पर गठित निविदा समिति से मूल्याकंन कराकर समिति की अभिशंषा के साथ प्रकरण प्रेषित करावें ताकि इस संबंध में उचित निर्णय लिया जा सके।

(डॉ. मनीष शुक्ला)
वरिष्ठ लेखाधिकारी